Universal Convent Sr Sec School Kaladhungi

पाठ - 3

किरमिच की गेंद

शब्दार्थ ⇒

शब्द	अर्थ
1. चिक	बाँस की तीलियों से बना एक परदा
2. बेल	लता
3. सुस्ता रही थी	आराम कर रही थी
4. चतुर	होशियार
5. सहारा लेना	मदद लेना
6. गुट	समूह या दल

निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्र०1. दिनेश घर में बैठा क्या पढ़ रहा था?

उ०. दिनेश घर में बैठा कहानी पढ़ रहा था।

प्र०2. सामने की क्यारी में किसके ऊँचे-ऊँचे पौधे थे?

उ०. सामने की क्यारी में भिंडियों के ऊँचे-ऊँचे पौधे थे।

प्र०3. दिनेश को कैसी गेंद बगीचे में पड़ी हुई मिली?

उ०. दिनेश को चमचमाती किरमिच की गेंद बगीचे में पड़ी हुई मिली।



प्र०4. बच्चों ने क्लब क्यों बनाया हुआ था?

उ०. बच्चों ने खेलने की सुविधा को ध्यान में रखते हुए क्लब बनाया हुआ था।

Dt.

Pg.

प्र०5. दीपक ने गेंद को अपना बताने के लिए उसके बारे में कौन-कौन सी बातें बताईं?

उ०. दीपक ने बताया – "गेंद पर बना लाल रंग का निशान मेरी ही गेंद पर था और धरती पर टप्पा पड़ते हुए मेरी गेंद में से ऐसी ही आवाज आती थी।"